नवदुनिया
भोपाल,बुधवार, 22 अक्टूबर, 2025

## साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप रांची में 24 अक्टूबर से

# मप्र के चार एथलीट भारतीय टीम में शामिल

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः चौथी साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप रांची में 24 से 26 अक्टूबर तक आयोजित हो रही है। इसमें मध्यप्रदेश के चार खिलाड़ी शामिल किए गए है। मप्र अकादमी के शाटपुट खिलाड़ी समरदीप सिंह गिल, 1500 मीटर इवेंट में अर्जुन वास्कले और सुनील डावर तथा 400 मीटर दौड़ में सीआइएसएफ भोपाल के मोहम्मद राशिद शामिल है।



भारतीय एथलेटिक्स टीम में शामिल खिलाड़ी खेल संचालक राकेश कुमार गुप्ता और संयुक्त संचालक बीएस यादव के साथ। ● सौजन्यः आयोजक

इस चैंपियनशिप में भूटान, नेपाल, मालद्वीप, बांग्लादेश व श्रीलंका की टीमें भाग ले रही है। मप्र राज्य अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक एसके प्रसाद व संदीप सिंह भी टीम के साथ गए है। उल्लेखनीय है कि यह दो प्रशिक्षक पिछले कई सालों से देश के लिए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को तराश रहे है। एसके प्रसाद ने बताया कि अर्जुन और सुनील से बहुत उम्मीद है, दोनों एक ही इवेंट में उतर रहे है, दोनों से पदक की उम्मीद है। खेल संचालक राकेश कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक बीएस यादव व सहायक संचालक वाणी साहू ने बधाई व शुभकामनाएं दी है। इस मौके पर प्रशिक्षक एसके प्रसाद मौजूद है।